


# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

RNI No.- UPHIN/25/A4228
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त


## West Bengal: मुर्शिदाबाद में आज बाबरी की तर्ज पर बनी मस्जिद की नींव रखेंगे हुमायूं कबीर, प्रशासन सतर्क




पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद स्थित बेलडांगा में निलंबित टीएमसी विधायक हुमायूं कबीर शनिवार को अपने घोषित कार्यक्रम के मुताबिक 'बाबरी मस्जिद' का शिलान्यास करने जा रहे हैं। शुक्रवार को उन्होंने खुद इसकी पुष्टि करते हुए कहा, सब कुछ तय कार्यक्रम के हिसाब से होगा। शनिवार को बाबरी मस्जिद का शिलान्यास होगा। मरादिघी इलाके में अंतिम तैयारियां तेज रहीं। शुक्रवार को ही हाईकोर्ट ने इस मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया था। इसके बाद स्थानीय प्रशासन सतर्क हो गया है। सूत्रों के मुताबिक, कार्यक्रम में शामिल होने के लिए 40 हजार लोगों के पहुंचने की संभावना है। सऊदी अरब और देश के कई हिस्सों से इस्लामी धर्मगुरु कार्यक्रम में पहुंचेंगे। हुमायूं ने दावा किया है कि मरादिघी मोड़ के पास करीब तीन लाख लोगों की भीड़ जुट सकती है। भीड़ नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए 3,000 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। **राज्यपाल ने दिए नागरिकों को सतर्क रहने के निर्देश** बाबरी मस्जिद की प्रतिकृति का शिलान्यास कार्यक्रम घोषित किए जाने के बाद बंगाल के राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने पूरे राज्य के लोगों से शांति, सतर्कता और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि किसी तरह की उकसाने वाली टिप्पणी या अफवाह से भ्रमित न हों। राज्यपाल खुद हालात पर नजर बनाए रखेंगे।

## IndiGo Flight: जयपुर-जोधपुर से लेकर उदयपुर तक एयरपोर्ट पर हाहाकार, इंडिगो की सेवा ठप; कतारों में खड़े यात्री




**राजस्थान में पिछले 24 घंटों में** इंडिगो की करीब 45 उड़ानें रद्द होने से यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। उड़ानें कम होने का सीधा असर किराए पर पड़ा और अन्य एयरलाइनों ने किराया कई गुना बढ़ा दिया। जयपुर से दिल्ली का सामान्य किराया जहां 3-4 हजार रुपये होता है, वहीं यह बढ़कर 20–24 हजार रुपये तक पहुंच गया है। एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने भी अपने किराए 14 हजार से 25 हजार रुपये के बीच कर दिए हैं। जयपुर–मुंबई रूट पर टिकट 35 से 40 हजार रुपये प्रति पैसेंजर तक बिक रही है। एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार शनिवार को भी हालात सामान्य नहीं हुए हैं। बुकिंग पोर्टल्स पर आज जयपुर से दिल्ली के लिए इंडिगो की कोई भी फ्लाइट उपलब्ध नहीं दिखाई जा रही है।

## भारत-रूस संबंधों में केसर की सुगंध: पीएम मोदी ने पुतिन को दिए कई उपहार, खास तोहफों में दिखी मित्रता की गर्माहट



**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन** से मुलाकात के दौरान भारत की विरासत, संस्कृति और कारीगरी को दर्शाने वाले कई खास उपहार भेंट किए। ये उपहार केवल वस्तुएं नहीं बल्कि भारत और रूस के बीच पुरानी दोस्ती, परंपरा और विश्वास के प्रतीक माने जा रहे हैं। इस उपहार सूची में भारतीय कला, कृषि, साहित्य और शिल्प कौशल की झलक साफ दिखाई देती है, जो भारत की विविधता और समृद्ध सांस्कृतिक पहचान को दर्शाती है। महाभारत का हिस्सा और विश्वभर में आध्यात्मिक मार्गदर्शक मानी जाने वाली गीता का रूसी अनुवाद राष्ट्रपति पुतिन के लिए एक विशेष भावनात्मक उपहार माना जा रहा है। इसमें भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिए गए कर्तव्य, आत्मा, धर्म और मोक्ष के संदेश दर्ज हैं। यह ग्रंथ आज भी दुनिया भर में मानवीय मूल्यों और आत्मिक शांति का स्रोत है। भारत-रूस संबंधों के लगातार प्रगति और मजबूती की ओर बढ़ते कदम का रूपक भी बताया जा रहा है।

## UP: कार में ऐसी जगह छुपा रखी थी चरस, जिसे ढूढ़ने में छूटे पुलिस के पसीने; तस्वीरें देख आप भी रह जाएंगे हैरान



**दक्षिण भारतीय** फिल्म पुष्पा में दिखाए गए चंदन की तस्करी के तरीके को अपनाकर आरोपियों ने हिमाचल प्रदेश से चरस की तस्करी शुरू कर दी। कार की पिछली सीट के दोनों तरफ के प्लास्टिक फ्रेम में चरस के एक-दो नहीं, बल्कि 19 पैकेट भर दिए। फिरोजाबाद में सप्लाई करने से पहले बृहस्पतिवार रात कमला नगर क्षेत्र में हाईवे पर एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) और पुलिस ने घेराबंदी कर हिमाचल प्रदेश के कुल्लू निवासी धर्मवीर राणा और पंजाब के संगरूर निवासी बलवीर सिंह को पकड़ लिया। उनके कब्जे से 10 किलो चरस बरामद हुई। एएनटीएफ के सीओ उमेश पंवार ने बताया कि काफी समय से सूचना मिल रही थी कि हिमाचल और पंजाब के तस्कर आगरा के रास्ते नशीले पदार्थ की तस्करी कर रहे हैं। इस सूचना पर टीम को लगाया गया। बृहस्पतिवार रात को सूचना के आधार पर घेराबंदी की गई। आरोपी धर्मवीर से पूछताछ की गई तो उसने सच उगल दिया।

## Politics: 'पुतिन प्रोटोकॉल पर नाराजगी से पहले दें जवाब' किस बात को लेकर सोशल मीडिया पर ट्रोल हुए राहुल गांधी?



रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात न होने और राष्ट्रपति भोज में न बुलाए जाने पर कांग्रेस के विलाप के बीच, सरकार समर्थक खेमे ने सोशल मीडिया पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के पिछले आचरण पर तीखे सवाल उठाए हैं। आरोप है कि सांविधानिक पदों की गरिमा और राष्ट्रीय अपेक्षाओं के प्रति उनके लगातार अनादर को देखते हुए, उन्हें प्रोटोकॉल की दुहाई देने का कोई हक नहीं है। राहुल गांधी के आचरण में सांविधानिक संस्थाओं के प्रति उपेक्षा का एक स्पष्ट पैटर्न है। वह राष्ट्रीय पर्वों का बहिष्कार करते रहे हैं। राहुल गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस जैसे राष्ट्रीय एकता के महापर्वों के समारोहों से लगातार अनुपस्थित रहे हैं। इसके बाद करदाताओं के पैसे से निर्मित कर्तव्य भवन के उद्घाटन में भी उन्होंने शामिल होना उचित नहीं समझा। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद के पदभार ग्रहण के बाद शिष्टाचार भेंट नहीं की। ट्रोलर्स ने लिखा, राहुल ने संसद में मर्यादा का उल्लंघन किया। राष्ट्रपति कोविंद के संसदीय भाषणों के दौरान उनका टेक्स्टिंग और चैटिंग में व्यस्त रहना सांविधानिक पद के प्रति घोर अनादर का प्रतीक माना गया। वह 51वें सीजेआई जस्टिस संजीव खन्ना और 53वें सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत के शपथ ग्रहण समारोहों में भी नहीं पहुंचे।

## आंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस

### सीएम योगी बोले-बाबा साहब की हर मूर्ति के आसपास सुरक्षात्मक बाउंड्री वॉल बनेगी



**सीएम योगी** ने शनिवार को कहा, बाबा साहब की मूर्तियों के साथ अक्सर शरारती तत्व छेड़छाड़ करते हैं। हमारी सरकार निर्णय ले रही है कि बाबा साहब की हर मूर्ति के आसपास सुरक्षात्मक बाउंड्री वॉल बनाई जाए, ताकि उनकी प्रतिमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। जिस मूर्ति के ऊपर छत नहीं होगी, वहां छत बनवाएंगे। यदि कहीं कोई काम छूट गया है, तो उसे भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा। आज इस पावन अवसर पर मैं बाबा साहब की पावन स्मृति को नमन करता हूं।

## UP: कम नहीं हो रहीं आजम और अब्दुल्ला की मुश्किलें

### सजा बढ़वाने के लिए सेशन कोर्ट पहुंचा अभियोजन; 23 को फैसला



दो पैन कार्ड में सपा नेता आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम खां की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। सात साल की सजा बढ़ाने की मांग को लेकर अभियोजन पक्ष की ओर से सेशन कोर्ट में अपील दायर की गई है। दूसरी ओर सजा के खिलाफ आजम के अधिवक्ताओं ने और राहत की मांग को लेकर कई तर्क दिए हैं। सेशन कोर्ट अब इन दोनों बिंदुओं पर 23 दिसंबर को अपना फैसला सुना सकती है। दो पैन कार्ड में एमपी- एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट ने पिछले दिनों सपा नेता आजम खां और अब्दुल्ला आजम को सात-सात साल की सजा व 50-50 हजार रुपये का जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई थी। इस मामले में मजिस्ट्रेट कोर्ट के फैसले के खिलाफ अब सेशन कोर्ट में शरण ली है।

# Aaj Ka Rashifal 06 December

## वृषभ, कर्क और सिंह राशि वालों को धन लाभ के योग, जानें बाकी राशि वालों का हाल



06 December Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 06 दिसंबर 2025 का राशिफल।आज 6 दिसंबर, शनिवार का दिन है।

### मेष

आज का दिन बिजनेस के मामले में थोड़ा सोच समझकर काम करने के लिए रहेगा। आपको अपने जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करना होगा और उनकी सेहत पर भी आपको पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। संतान के विवाह में यदि कोई समस्या आ रही थी, तो वह भी दूर होते दिख रही है। आप किसी काम में बिना सोचे समझे हाथ ना बढ़ाएं, नहीं तो उसमें आपसे गड़बड़ी होने से आपका कोई नुकसान हो सकता है।

### वृषभ

आज का दिन आपके लिए आय के मामले में बढ़िया रहने वाला है। आपको मेहनत के अनुसार फल मिलेगा। आप किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन अपने घर में कर सकते हैं। आपको अपने बच्चों की बातों पर थोड़ा ध्यान देना होगा, क्योंकि उनकी गलत संगति आपकी समस्याओं को बढ़ा सकती हैं। आप किसी से बेवजह वाद विवाद में ना पड़ें। आपको किसी काम के चलते अकस्मात यात्रा पर जाना पड़ सकता है।

### मिथुन

आज का दिन आपके लिए टेंशन से भरा रहने वाला है, क्योंकि कोई कानूनी मामला आपके लिए सिरदर्द बनेगा। उच्च अधिकारियों की कृपा आप पर बनी रहेगी। आपको किसी काम को लेकर दूसरों पर डिपेंड नहीं रहना है। आप अपने भविष्य को लेकर थोड़ा परेशान रहेंगे। आपको किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर करने से बचना होगा। आपके बॉस को आपके दिए गए सुझाव खूब पसंद आएंगे, लेकिन आपके कुछ शत्रु आपके मित्र के रूप में हो सकते हैं।

### कर्क

आज का दिन आपके लिए परोपकार के कार्यों से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। तरक्की की राह में आ रही बाधा भी दूर होगी। नौकरी में आपको अपनी वाणी पर संयम रखने की आवश्यकता है और आप अपने आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए जो कदम उठाएंगे, वह आपके लिए बेहतर रहेंगी। नौकरी को लेकर आप किसी दूसरी जगह ट्राई करने की सोच सकते हैं। आपको किसी बात को लेकर थोड़ा समझदारी दिखानी होगी।

### सिंह

आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। कार्यक्षेत्र में अपने कामों में आपको ही बदलाव कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छे रहेंगे। विद्यार्थी आज किसी प्रतियोगिता की तैयारी में लगे रहेंगे। मौसम का विपरीत प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। परिवार में किसी शुभ और मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपकी किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती हैं। दान-धर्म के कार्यों में भी आपके काफी रुचि रहेगी।

### कन्या

आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आप अपनी जरूरत की आवश्यकताओं की खरीदारी पर अच्छा खासा खर्चा करेंगे। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को साथी के साथ वक्त बिताने का मौका मिलेगा। आपकी मेहनत रंग लाएगी। विद्यार्थी शिक्षा में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आपको किसी सामाजिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। आप अपने किसी पेंडिंग काम को पूरा करने की भी कोशिश करेंगे।

### तुला

आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने आने वाला है। आपकी कुछ खास लोगों से मुलाकात होगी। आप अपनी अच्छी सोच का लाभ उठाएंगे। आप कोई प्रॉपर्टी खरीदने की योजना बना सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेगी। परिवार में किसी सदस्य से किए हुए वादे को आपको पूरा करना होगा। आप कार्यक्षेत्र में लोगों से अपना काम निकलवाने में कामयाब रहेंगे। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

### वृश्चिक

आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कामों को करने के लिए रहेगा। आपके प्रभाव में प्रताप में वृद्धि होगी। संतान के प्रति आपका सहयोग भरपूर रहेगा। जीवनसाथी को आप कहीं घूमाने फिराने लेकर जा सकते हैं। नौकरी में आपकी पद व प्रतिष्ठा में वृद्धि होने से खुशी होगी। आप अपने सहयोगियों को भी कोई बात सोच समझकर बोले। कोई विरोधी आपको परेशान करने की कोशिश कर सकता है। आज आपके मन में किसी बात को लेकर उथल पुथल लगी रहेगी।

### धनु

आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कामों को करने के लिए रहेगा। यदि बिजनेस में आपका धन कहीं फंसा हुआ था, तो वह आपको वापस मिल सकता है। संतान के करियर को लेकर आपको थोड़ी टेंशन रहेगी। पिताजी की ओर से आपको कोई गिफ्ट मिल सकता है। आप अपने काम को लेकर लापरवाही ही बिल्कुल ना दिखाएं। आपके किसी मित्र से आपकी लंबे समय बाद मुलाकात होगी। आपका मन यदि किसी बात को लेकर परेशान था, तो आपकी वह समस्या भी दूर होगी।

### मकर

आज का दिन आपके लिए धैर्य और संयम से काम लेने के लिए रहेगा। पार्टनर भी बेहतर रहेगा। जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा, लेकिन आपको वाहनों का प्रयोग थोड़ा सावधान रहकर करना होगा। आज आपके सामने कुछ ऐसे खर्च आएंगे, जो आपको मजबूरी में ना चाहते हुए भी करने पड़ सकते हैं। परिवार के सदस्यों में यदि किसी बात को लेकर कोई वाद विवाद भी बात चल रहा था, तो वह भी दूर होगा। आपको माता जी की सेहत पर पूरा ध्यान देना होगा।

### कुंभ

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है, लेकिन जल्दबाजी के कारण कोई समस्या हो सकती हैं। रोजगार की तलाश में इधर-उधर भटक रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी, उन्हें किसी अच्छी जगह काम मिल सकता है। आपको अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलना होगा। आप किसी नए काम की शुरुआत करने की भी प्लानिंग कर सकते हैं, लेकिन कोई निवेश आप किसी के कहने में आकर ना करें। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

### मीन

आज का दिन आपके लिए कुछ समस्याएं लेकर आएगा। धर्म-कर्म के कामों में आपकी काफी रुचि रहेगी। सेहत के मामले में आपको लापरवाही करना समस्या देगा। आप यदि किसी से कुछ कर्ज लेने की सोच रहे थे, तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगी। आपको अपने किसी काम को लेकर जल्दबाजी दिखाने से बचना होगा। आपकी मेहनत रंग लाएगी। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

आज 6 दिसंबर, शनिवार का दिन है। आज के दिन चंद्रमा का गोचर दिन रात मिथुन राशि में होगा। साथ ही इससे चंद्रमा और गुरु के साथ युति करेंगे जिससे गजकेसरी राजयोग बनेगा। ऐसे में आज के दिन कुछ राशि वालों को इसका विशेष लाभ मिलेगा। ऐसे में आइए जानते हैं मेष लेकर मीन राशि तक सभी के लिए कैसा रहेगा। आइए जानते हैं आज का राशिफल।राशिफल को निकालते समय ग्रह-नक्षत्र के साथ-साथ पंचांग की गणना का विश्लेषण किया जाता है। दैनिक राशिफल (Dainik Rashifal) ग्रह-नक्षत्र की चाल पर आधारित फलादेश है, जिसमें सभी राशियों (मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन) का दैनिक भविष्यफल विस्तार से बताया जाता है।

# यूपी: पश्चिमी विक्षोभ से प्रदेश में शीतलहर का अलर्ट,

## तापमान गिरने के साथ बढ़ेगा कोहरे का असर; पूर्वानुमान जारी



यूपी के मौसम में सर्दी का असर बढ़ता जा रहा है। आने वाले दिनों में पारे में गिरावट के साथ कोहरे का प्रकोप भी बढ़ सकता है। उत्तर प्रदेश में रात में पारे का गिरना जारी है। शुक्रवार को कानपुर शहर में रात का पारा लुढ़क कर 4.2 डिग्री तक पहुंच गया। यह सामान्य से 6 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज हुआ। वहीं इटावा और मुजफ्फर नगर में न्यूनतम पारा 5.4 डिग्री तक आ गिरा। मौसम विभाग का कहना है कि शनिवार से प्रदेश में हवाओं का रुख फिर से बदलेगा। यह हवाएं अरब सागर से नमी लेकर आएंगी। इसके असर से यूपी में दोबारा पारे में उतार चढ़ाव देखने को मिलेगा।आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से हवा की दिशा बदलने से इन नमीयुक्त हवाओं के असर से अगले तीन चार दिनों में रात के पारे में 3 से 4 डिग्री की तात्कालिक बढ़त देखने को मिलेगी। कोहरा हल्के से मध्यम ही रहेगा, कहीं घने कोहरे का अलर्ट नहीं है। उत्तर भारत में मौसम एक बार फिर करवट ले रहा है। सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और चक्रवाती प्रणालियों ने पहाड़ों से लेकर मैदानी राज्यों तक ठंड को तीखा कर दिया है। दिल्ली-एनसीआर, पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में शीतलहर का असर गहराता जा रहा है। जबकि उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के ऊंचे इलाकों में शून्य से नीचे तापमान से जनजीवन चुनौतीपूर्ण बना दिया है।मौसम विभाग के ताजा अपडेट के अनुसार दिसंबर की शुरुआत के साथ ही उत्तर भारत के मौसम में तेज बदलाव दर्ज किया जा रहा है। पहाड़ी क्षेत्रों में जहां बर्फबारी की संभावना बढ़ी है, वहीं मैदानी राज्यों में कड़ाके की ठंड और कोहरे ने जनजीवन को प्रभावित करना शुरू कर दिया है।

# UP: बहन से कोर्ट मैरिज और साले का कत्ल

## अंश ने फोन कर बुलाया, फिर सास के सामने मारा; केशव की हत्या की कहानी






मेरठ में एलएलबी छात्र की हत्या का मामला सामने आया है। दामाद ने सास के सामने अपने साले की हत्या कर दी। पुलिस ने मुख्य आरोपी और उसके दोस्त को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक केशव इकलौता बेटा था। मुख्य आरोपी ने मृतक की बहन से कोर्ट मैरिज की थी।यूपी के मेरठ के वेस्ट एंड रोड निवासी राधेश्याम सोनकर के बेटे केशव (25) की बृहस्पतिवार देर रात उसके बहनोई ने गोली मारकर हत्या कर दी। आरोपी ने जिस समय केशव के सीने से तमंचा सटाकर गोली मारी उस समय केशव की मां भी वहां खड़ी थीं।केशव एलएलबी अंतिम वर्ष का छात्र था। बहन टीना के मायके में रहने के कारण उसका अपने बहनोई अंश से विवाद चल रहा था और पहले कहासुनी भी हो चुकी थी। केशव के पिता राधेश्याम ने अपने दामाद अंश उसके चार दोस्तों के नामजद और सात-आठ अज्ञात युवकों के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई है।

हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर लोगों ने शुक्रवार को वेस्ट एंड पर आधे घंटे जाम लगाया। पुलिस ने हत्यारोपी अंश और उसके दोस्त आयुष को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से तमंचा और स्कूटी बरामद हुई है।मृतक के पिता मेरठ विकास प्राधिकरण के कर्मचारी राधेश्याम सोनकर ने बताया कि बृहस्पतिवार रात 12.40 बजे केशव अपने मकान पर था। इसी दौरान उसके बहनोई अंश ने फोन करके उसे घर से बाहर वेस्ट एंड रोड पर बुलाया। जैसे ही वह घर के बाहर आया तो उसके सीने में गोली मार दी। इसके बाद हमलावर बाइक पर सवार होकर भाग गए।बृहस्पतिवार रात अंश ने केशव को फोन करके घर से बाहर बुलाया था। केशव बाहर निकला तो मां सोनू ने जाने से मना किया लेकिन केशव नहीं माना। मां सोनू भी उसके पीछे चल दी। सड़क पर बाइक लेकर अंश और उसका दोस्त आयुष बंसल खड़े थे। इसी बीच आरोपियों ने तमंचे से केशव के सीने में सटाकर गोली मार दी। हत्या की वारदात दीवान पब्लिक स्कूल के सामने लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में दिख रही है। फुटेज को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

# इंडिगो एयरलाइन के स्टाफ के समर्थन में उतरे सोनू सूद

## बोले- 'फर्ज कीजिए आप उनकी जगह हैं'; लोगों से की ये अपील



अभिनेता सोनू सूद इंडिगो के मुश्किल हालात में एयरलाइन के सपोर्ट स्टाफ के समर्थन में आए हैं। उन्होंने एक वीडियो जारी कर लोगों से खास अपील की है। जानिए उन्होंने क्या कुछ कहा...इंडिगो एयरलाइन इस समय सबसे मुश्किल वक्त से गुजर रही है। एयरलाइन की उड़ानें रद्द होने से यात्री काफी परेशान हैं। वहीं एयरपोर्ट्स पर हालात बस स्टेशन जैसे हो गए हैं। इसको लेकर कई सेलेब्स भी असुविधा होने पर इंडिगो एयरलाइन पर अपनी नाराजगी जता रहे हैं। अब इस मामले में सामाजिक कार्यों में आगे रहने वाले अभिनेता सोनू सूद की प्रतिक्रिया भी सामने आई है। सोनू ने बाकी सेलेब्स से इतर, इंडिगो एयरलाइन के स्टाफ का समर्थन किया है और लोगों से उनकी समस्या समझने की अपील की है।

## शाहरुख खान क्यों नहीं बन सके काजोल-ट्विंकल के शो का हिस्सा? खुद बताई वजह; एक्ट्रेस से मांगी माफी



शाहरुख खान टॉक शो 'टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल' का हिस्सा क्यों नहीं बन सके, इसके बारे में उन्होंने बात की है। उन्होंने काजोल और ट्विंकल खन्ना से माफी भी मांगी है।काजोल और ट्विंकल खन्ना के टॉक शो 'टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल' में बॉलीवुड की कई बड़ी हस्तियां आ चुकी हैं। इसमें सलमान खान, आमिर खान, करण जौहर, आलिया भट्ट, जाह्नवी कपूर और कृति सेनन जैसे लोगों का नाम शामिल है।

इस शो में शाहरुख खान अब तक शामिल नहीं हो पाए। शाहरुख खान ने खुद इस बारे में बात की है कि वह इस शो का हिस्सा क्यों नहीं बन पाए। इस वजह से शो में नहीं जा सके शाहरुखबीबीसी एशियन नेटवर्क के साथ बातचीत में शाहरुख खान ने बताया 'मैं एक फिल्म में काम कर रहा हूं। मैंने काजोल को इसके बारे में बताया। मुझे चोट भी लग गई थी। मुझे बुरा लग रहा था। मुझे शो में जाना चाहिए था।'शाहरुख खान हुए शर्मिंदाशाहरुख खान ने आगे कहा 'शो में नहीं जाने को लेकर मैं शर्मिंदा हूं। मैं काजोल और ट्विंकल से सॉरी बोलता हूं। आपको बता दूं कि मैंने सारे एपिसोड देखे हैं। मैं शो में नहीं गया इसे लेकर मैं पछता रहा हूं। इसलिए मैंने सारे एपिसोड देखे।' आपको बता दें कि शाहरुख खान इन दिनों फिल्म 'किंग' की शूटिंग में लगे हैं। एक्टर को हाल ही में हाथ में चोट लगी थी। इस वजह से कुछ दिनों के लिए शूटिंग रोक देनी पड़ी।शाहरुख ने मूर्ति का अनावरण कियाहाल ही में काजोल और शाहरुख लंदन में थे। दोनों ने 'दिल वाले दुल्हनिया ले जाएंगे' के पोज वाली कांस्य की मूर्ति का अनावरण किया था। शाहरुख खान ने इस मौके का एक वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया और एक पोस्ट लिखी। उन्होंने लिखा 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे के 30 साल पूरे होने के मौके पर आज लंदन के लीसेस्टर स्क्वायर में राज और सिमरन की ब्रॉन्ज स्टैच्यू का अनावरण करते हुए बहुत खुशी हो रही है!'

## Aryan Khan: फिर कानूनी पचड़े में फंसे

इवेंट में किया अभद्र इशारा; वायरल हुआ वीडियो



बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान के बेटे और 'बैड्स ऑफ बॉलीवुड' सीरीज से धमाकेदार डेब्यू करने वाले आर्यन खान अब एक बार फिर कानूनी विवाद में फंस गए हैं। बॉलीवुड स्टार शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान एक बार फिर विवाद में फंस गए हैं। दरअसल आर्यन खान का एक हालिया वीडियो क्लिप अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें उन्होंने एक पब में मिडल फिंगर दिखाते हुए कथित रूप से अश्लील इशारा किया था। इस वीडियो के वायरल होते ही बेंगलुरु के एक वकील ने उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।
शिकायत में क्या कहा गया?
वकील ओवैज हुसैन एस ने अपनी शिकायत में दावा किया है कि इस घटना के दौरान वहां कई महिलाएं मौजूद थीं। उनका कहना है कि आर्यन का यह व्यवहार उनकी मर्यादा का अपमान है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि इस प्रकार का अश्लील इशारा सार्वजनिक शिष्टाचार और सामाजिक मर्यादाओं का उल्लंघन है।

### पुलिस ने तुरंत शुरू की जांच

वहीं, बेंगलुरु पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद इस मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने कहा कि वो क्लब परिसर की सीसीटीवी फुटेज और सोशल मीडिया वीडियो पोस्ट के आधार पर घटना की पड़ताल कर रहे हैं। वर्तमान में यह मामला भारतीय नव्य न्याय संहिता, 2023 (BNS) की धारा 173B के अंतर्गत दर्ज किया गया है जो सार्वजनिक आपत्तिजनक हरकतों से सम्बंधित है। अगर आरोप साबित हुआ, तो अभद्रता या सार्वजनिक अश्लीलता की धारा लागू हो सकती है।घटना का सिलसिला क्या रहा?चलिए अब बात करते हैं इस पूरे मामले की टाइमलाइन कीयह घटना कथित तौर पर 28 नवंबर को हुई, जब आर्यन एक प्रमोशनल इवेंट में भाग लेने के लिए बेंगलुरु के एक पब में गए थे।

## फॉर्महाउस में होगा जश्न, फैंस के

### 'जान ही ले ले'; दीपिका के पोस्ट पर रणवीर सिंह का मजेदार कमेंट; यूजर बोले- 'जान तो 'धुरंधर' में आपने ली है'



अभिनेता रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर' कल 05 दिसंबर को थिएटर्स में रिलीज हुई। दीपिका पादुकोण पति की फिल्म देखने पहुंचीं और मूवी डेट नाइट से कुछ फोटोज शेयर कीं, जिन पर रणवीर के कमेंट ने सबका ध्यान खींचा है।दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह बॉलीवुड के पावर कपल माने जाते हैं। दोनों की जोड़ी फैंस को बेहद पसंद है। रणवीर सिंह फिलहाल अपनी फिल्म 'धुरंधर' को लेकर सुर्खियों में हैं, जो बीते शुक्रवार को रिलीज हुई। पति की फिल्म की रिलीज हो और दीपिका न देखें? ऐसा हो नहीं सकता। दीपिका बाकायदा 'धुरंधर' के लिए डेट नाइट पर गईं, जिसकी फोटोज उन्होंने फैंस के साथ शेयर की हैं। इस पोस्ट पर रणवीर ने मजेदार कमेंट किया है।

## जापान में 'बाहुबली- द एपिक' की स्पेशल स्क्रीनिंग, प्रभास का हुआ स्वागत, बोले- 'कई वर्षों से इस पल का इंतजार था'



साउथ के सुपरस्टार प्रभास का जापान में भव्य स्वागत हुआ है। उनकी फिल्म 'बाहुबली द एपिक' की स्क्रीनिंग रखी गई जहां दर्शक काफी एक्साइटेड दिखे। भारतीय सिनेमा का वैश्विक प्रभाव लगातार बढ़ रहा है और इसी सिलसिले'बाहुबली' की दोनों फिल्मों- 'द बिगनिंग' और 'द कन्क्लूजन' को एक साथ मिलाकर जापानी दर्शकों को दिखाया गया। दर्शकों की तालियां, पोस्टर और प्रभास के नाम के नारे साबित कर रहे थ

## बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन 'धुरंधर' का धमाका, तेरे इश्क में' समेत बाकी फिल्मों का हुआ ये हश्र

बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान के बेटे और 'बैड्स ऑफ बॉलीवुड' सीरीज से धमाकेदार डेब्यू करने वाले आर्यन खान अब एक बार फिर कानूनी विवाद में फंस गए हैं।बॉलीवुड स्टार शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान एक बार फिर विवाद में फंस गए हैं। दरअसल आर्यन खान का एक हालिया वीडियो क्लिप अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें उन्होंने एक पब में मिडल फिंगर दिखाते हुए कथित रूप से अश्लील इशारा किया था। इस वीडियो के वायरल होते ही बेंगलुरु के एक वकील ने उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।शिकायत में क्या कहा गया?
वकील ओवैज हुसैन एस ने अपनी शिकायत में दावा किया है कि इस घटना के दौरान वहां कई महिलाएं मौजूद थीं।



## Report: भारत का मीडिया-मनोरंजन बाजार 2029 तक
### 47 अरब डॉलर का होगा, डिजिटल खपत और OTT से तेज़ी को बल



भारत का घरेलू मनोरंजन और मीडिया उद्योग 2029 तक बढ़कर 47.2 अरब डॉलर होने का अनुमान है, जो 2024 के 32.2 अरब डॉलर से लगभग 50% अधिक है। पीडब्ल्यूसी इंडिया के अनुसार, 7.8% की तेज़ CAGR वैश्विक औसत से दोगुनी है। डिजिटल भागीदारी, सस्ता ब्रॉडबैंड और ऑनलाइन कंटेंट की बढ़ती खपत इस उछाल के बड़े कारण हैं। घरेलू मनोरंजन और मीडिया उद्योग का आकार 2029 तक बढ़कर 47.2 अरब डॉलर होने का अनुमान है। 2024 में 32.2 अरब डॉलर था। आने वाले चार वर्षों में इसके 7.8 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ने का अनुमान है जो कि वैश्विक औसत 4.2 प्रतिशत से दोगुना है। पीडब्लूसी इंडिया की रिपोर्ट में कहा गया कि इस वृद्धि की वजह डिजिटल भागीदारी का बढ़ना और ब्रॉडबैंड की पहुंच में विस्तार होना व ऑनलाइन सामग्री की अधिक खपत होना है। इन कारकों से सभी फॉमेट्स में दर्शकों का व्यवहार बदल रहा है और प्लेटफॉर्म्स, विज्ञापनदाताओं और क्रिएटर्स के लिए अवसर पैदा हो रहे हैं। इंटरनेट विज्ञापन सबसे तेजी से बढ़ने वाला सेगमेंट है। 2029 तक इसका आकार 15.9 प्रतिशत की दर से बढ़कर 13.06 अरब डॉलर होने का अनुमान है। 2024 में 6.25 अरब डॉलर पर था। ओवर-द-टॉप (ओटीटी) आधारित आय 2024 में 2.27 अरब डॉलर के बढ़कर 2029 में 3.47 अरब डॉलर पर पहुंचने का अनुमान है। इसे क्षेत्रीय सामग्री, डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर मॉडल और बढ़ते ग्राहकों का सपोर्ट मिलेगा। रिपोर्ट के मुताबिक, हम एक ऐसे मोड़ पर हैं जहां टेक्नोलॉजी खासकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) असल में यह बदल रही है कि सामग्री कैसे बनाई और खोजी जाती है। उससे पैसे कमाए जाते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, हम एक ऐसे मोड़ पर हैं जहां टेक्नोलॉजी खासकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) असल में यह बदल रही है कि सामग्री कैसे बनाई और खोजी जाती है। उससे पैसे कमाए जाते हैं। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण के अनुसार, इंटरनेट ग्राहकों में वायरलेस यूजर की संख्या सबसे ज्यादा 97.33 करोड़ है। सिर्फ 4.44 करोड़ लोग वायर्ड इंटरनेट (ब्रॉडबैंड फाइबर कनेक्शन) का उपयोग करते हैं।

## विमानन बाजार के लिए चेतावनी
### स्टाफ संरचना और बाजार प्रभुत्व के स्तरों पर संकट




इंडिगो के प्रभुत्व और नए एफडीटीएल नियमों के बाद घरेलू उड़ानों में भारी व्यवधान ने भारतीय विमानन की कमजोरियां उजागर की हैं। उड़ान रद्द और किराए आसमान छूने से यात्रियों, निवेशकों और नियामकों पर असर पड़ा। विश्लेषकों का कहना है कि विकेंद्रीकरण की कमी और सीमित विकल्पों के कारण एयरफेयर में अचानक वृद्धि हुई, जिससे इंडस्ट्री में संतुलन बिगड़ा और प्रतिस्पर्धा कमजोर साबित हुई। देश के घरेलू आसमान में इंडिगो की विशाल उपस्थिति ने जहां भारतीय विमानन को गति दी थी, वहीं मौजूदा व्यवधान ने यह भी स्पष्ट किया है कि अत्यधिक केंद्रीकरण किसी भी उद्योग के लिए कितना जोखिमपूर्ण साबित हो सकता है। पिछले कुछ दिनों की उथल-पुथल ने सामान्य यात्रियों, निवेशकों, नियामकों और प्रतिस्पर्धी कंपनियों को समान रूप से प्रभावित किया है।

यह स्थिति इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह सिर्फ एक एयरलाइन का परिचालन संकट नहीं बल्कि भारतीय विमानन प्रणाली की संरचनात्मक कमजोरियों को उजागर करने वाला परिदृश्य बन गया है। इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (आईएटीए) की रिपोर्ट के अनुसार भारतीय घरेलू उड़ानों में इंडिगो का प्रभुत्व वर्षों से बढ़ता रहा है। मगर यही ताकत अब बाजार की कमजोरी बनकर सामने आई। जब अमेरिकी या यूरोपीय बाजार में कोई बड़ी एयरलाइन अवरोध का सामना करती है, वहां प्रतिस्पर्धी कंपनियां तुरंत दबाव कम कर पाती हैं। लेकिन भारतीय व्यवस्था में हाल ही में विलय, फ्लीट की कमी और नए विमानों की धीमी आपूर्ति ने संतुलन की क्षमता लगभग समाप्त कर दी है।

## IPO: रिकॉर्ड उछाल के साथ 96 कंपनियों ने जुटाए 1.60 लाख करोड़, दिसंबर में आंकड़ा 1.85 लाख करोड़




बाजार के सालभर सपाट रहने के बावजूद 2024 में IPO बाजार ने नया रिकॉर्ड बनाया है। अब तक 96 कंपनियां 1,60,705 करोड़ रुपये जुटा चुकी हैं, जो 2024 के पिछले रिकॉर्ड 1,59,783 करोड़ से अधिक है। दिसंबर में कुल जुटान 1.85 लाख करोड़ पहुंचने का अनुमान है। बाजार के इस साल सपाट रहने के बावजूद 96 कंपनियों ने आईपीओ से रिकॉर्ड 1,60,705 करोड़ रुपये जुटाए हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड 2024 में था। उस समय 91 कंपनियों ने 1,59,783 करोड़ रुपये जुटाए थे। यह आंकड़ा दिसंबर के अंत तक 1.85 लाख करोड़ के करीब पहुंच जाएगा। दिसंबर में 25,000 करोड़ रुपये जुटाने का अनुमान है। एक्सचेंजों के आंकड़ों के मुताबिक, 5 दिसंबर तक कुल 1,60,705 करोड़ रुपये कंपनियों ने जुटाए हैं। छोटी और मझोली कंपनियों के इश्यू को मिला दें तो आंकड़ा 1.68 लाख करोड़ रुपये हो चुका है। इन कंपनियों ने भी 8,000 करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम जुटाई हैं। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड 11,000 करोड़ जुटाएगी। यह 10 दिसंबर के आस पास बाजार में उतर सकती है।

8 दिसंबर को कोरोना का 655 करोड़ और वेकफिट का 1,289 करोड़ का इश्यू खुलेगा। 10 दिसंबर को नेफ्रोकेयर का 871 करोड़ और पार्कमेडि का 920 करोड़ का आईपीओ आएगा। जुनिपर ग्रीन एनर्जी (3,000 करोड़) भी 10 दिसंबर के करीब उतरेगी। इनके अलावा फ्रेक्टल एनालिटिक्स (4,900 करोड़), क्लीन मैक्स एनवायरो (5,200 करोड़) और इनोवेटिवव्यू इंडिया जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं। नए साल में पीएनजीएस रेवा डायमंड, कनोडिया सीमेंट, कोरोना रेमेडीज, मिल्की मिस्ट, स्काईवेज एयर, अमागी मीडिया लैब्स, वीडा क्लिनिकल, एलसीसी प्रोजेक्ट्स, वाटरवेज लीजर, केएसएच इंटरनेशनल, आर्डी इंजीनियरिंग और सीआईईएल एचआर सर्विसेज और मणिपाल पेमेंट शामिल हैं।

## IndiGo: सरकार पर दबाव बनाने के आरोप में घिरी इंडिगो,
### पांच माह पहले बने नियम; फिर क्रू स्टाफ क्यों नहीं बढ़ाया?




इंडिगो पिछले चार दिनों से उड़ान रद्द और किराए में उछाल से जूझ रही है। एफडीटीएल नियम लागू होने के बाद पायलटों को लंबे आराम और नाइट शिफ्ट पर कड़ी पाबंदियां मिलीं। 4 दिसंबर को करीब 800 उड़ानें रद्द, टिकटें 10,000 से 40,000 रुपये तक। ऐसे में सवाल यह है कि क्या इंडिगो ने नियमों का सामना करने के लिए पर्याप्त पायलट और क्रू तैनात किया या सरकार पर दबाव बनाने के लिए इस संकट को हवा दी गई? देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो पिछले चार दिनों से भारी अव्यवस्था का सामना कर रही है। एक ओर उड़ानों का बड़े पैमाने पर रद्द होना और दूसरी ओर आसमान छूते किराए ने यात्रियों को परेशानी में डाल दिया है। एयरलाइन ने जिम्मेदारी नए एफडीटीएल (एफ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन) नियमों पर डाली, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि इंडिगो के पास तैयारी के लिए पर्याप्त समय था। इस कारण यह आरोप भी गंभीर हो गया है कि एयरलाइन ने नियमों में ढील पाने के लिए सरकार पर दबाव बनाने का रास्ता चुना।

एविएशन विशेषज्ञों के अनुसार इस संकट की जड़ जनवरी 2024 में दायर उस याचिका में है जिसमें पायलट यूनियन ने दिल्ली हाईकोर्ट के सामने थकान और लम्बी ड्यूटी को गंभीर सुरक्षा जोखिम बताया था। कोर्ट के निर्देश के बाद डीजीसीए ने एफडीटीएल नियमों में बदलाव किए और इन्हें एक जुलाई 2025 से लागू कर दिया। इन नियमों ने पायलटों को साप्ताहिक 36 घंटे की बजाय 48 घंटे का अनिवार्य आराम दिया और किसी भी छुट्टी को वीकली रेस्ट मानने पर रोक लगा दी। नवंबर 2025 में इनका दूसरा चरण लागू हुआ, जिसमें लगातार नाइट शिफ्ट पर कड़ी पाबंदियां लग गईं। इन्हीं बदलावों का असर इंडिगो पर सबसे अधिक पड़ा। 2 दिसंबर को दिल्ली, मुंबई और बंगलूरू जैसे बड़े एयरपोर्ट्स पर उड़ानें अनियमित होना शुरू हुईं और ऑन-टाइम परफॉर्मेंस गिरकर 35% पर आ गया। 3 दिसंबर को यह स्थिति और बिगड़ी और ऑपरेशनल परफॉर्मेंस 19.7% तक गिर गया। 4 दिसंबर को हालात लगभग ठप हो गए। करीब 800 उड़ानें रद्द करनी पड़ीं और ओटीपी सिर्फ 8.5% पर रह गया। कई रूट्स पर टिकट का किराया 10,000 से बढ़कर 40,000 तक देखा गया। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) के सूत्रों के अनुसार इंडिगो ने शुरुआती तीन दिनों में विभिन्न कारण बताए। लेकिन उसने स्पष्ट रूप से यह नहीं कहा कि नए एफडीटीएल नियमों को लागू करने के लिए उसके पास पर्याप्त पायलट और क्रू उपलब्ध नहीं थे।4 दिसंबर को डीजीसीए के साथ बैठक के बाद एयरलाइन ने पहली बार स्वीकार किया कि उसने क्रू रोस्टरिंग की जरूरतों का कम आकलन किया था। रिपोर्ट्स बताती हैं कि एयरलाइन को नए स्टाफ की भर्ती के लिए 9 महीने का समय मिला था,लेकिन उसने पर्याप्त नियुक्तियां नहीं कीं। कई विशेषज्ञों ने आरोप लगाया है कि इंडिगो ने सरकार पर दबाव बनाने के लिए जानबूझकर उड़ानें प्रभावित होने दीं, ताकि सरकार एफडीटीएल नियमों में ढील देने के लिए मजबूर हो जाए।


# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91 7088120612



















# Virat Kohli: 53 शतक और 34 वेन्यू

## भारत नहीं; कोहली ने श्रीलंका-बांग्लादेश के इन शहरों में लगाए सर्वाधिक सैकड़ा



भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली भले ही अपने करियर के अंतिम पड़ाव पर चल रहे हैं, लेकिन उन्होंने साबित किया है कि रन बनाने की भूख अब भी उनमें बाकी है। कोहली वनडे में 53 शतक लगा चुके हैं। आइए जानते हैं कि कोहली ने दुनिया के किन वेन्यू पर कितने शतक लगाए हैं। भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। कोहली फिलहाल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के पहले दो मैचों में शतक लगा चुके हैं। 2027 वनडे विश्व कप में खेलने के लिए प्रयासरत कोहली ने लगातार दो शतक लगाकर साबित कर दिया है उनके अंदर रन बनाने की भूख अभी भी बाकी है।




कोहली ने 11वीं बार वनडे में लगातार दो शतक लगाए हैं और वह इस मामले में सभी से काफी आगे हैं। भारत ही क्या अन्य कोई भी देश का बल्लेबाज इस मामले में उनके करीब भी नहीं है। दूसरे नंबर पर दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज एबी डिविलियर्स हैं जिन्होंने वनडे में छह बार लगातार दो शतक लगाए हैं। कोहली का दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यह वनडे में लगातार तीसरा शतक है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उन्होंने वनडे विश्व कप 2023 में नाबाद 101 रन बनाए थे।

### दूसरा क्वार्टर

रायपुर में दिखा कोहली का पुराना अंदाज

कोहली अपने पुराने रंग में नजर आ रहे हैं। कोहली ने इससे पहले रांची में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शतकीय पारी खेली थी और फिर रायपुर में भी उन्होंने इस फॉर्म में जारी रखते हुए शतक लगाया। कोहली का यह वनडे में 53वां और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कुल 84वां शतक है। कोहली वनडे में शतक लगाने के मामले में सभी से काफी आगे निकल गए हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने का रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर के नाम है जिन्होंने 100 शतक लगाए हैं। कोहली दूसरे मैच में 93 गेंदों पर सात चौकों और दो छक्कों की मदद से 102 रन बनाकर आउट हुए।



# भारत-द.अफ्रीका टी-20 मैच की टिकट दरें जारी

टेस्ट सीरीज में 0-2 की हार और पहले वनडे में टीम इंडिया को मिली नजदीकी जीत के बाद द. अफ्रीका के खिलाफ चल रही घरेलू सीरीज बेहद रोमांचक मोड़ पर पहुंच गई है। ऐसे में इन दो दिग्गज टीमों के बीच होने वाले पांच टी-20 मुकाबलों का रोमांच प्रशंसकों के सिर चढ़कर बोलेगा। सीरीज के तहत लखनऊ में 17 दिसंबर होने वाले चौथे टी-20 मुकाबले को लेकर प्रशंसकों के बीच क्रेज का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सोमवार शाम 4.30 बजे ऑनलाइन टिकट दरें जारी करने के दो घंटे के भीतर ही 11 लाख रुपये की टिकटें बिक गई हैं। इकाना स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में टी-20 मुकाबले के लिए टिकट दरें जारी की गई। इसका अधिकतम टिकट 999 रुपये से शुरू होकर 25 हजार रुपये तक रखा गया है। जारी दरों के तहत जनरल स्टैंड के टिकट




999 से शुरू होकर तीन हजार रुपये तक होंगे, जबकि सेमी-हॉस्पिटेलिटी की दर चार हजार और पांच हजार होंगी। हॉस्पिटेलिटी टिकट की कीमत 10 हजार, 12 हजार, 14 हजार, 15 हजार, 20 हजार और 25 हजार निर्धारित की गई है। यहां चल रही सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में टीमों ने खूब रन बनाए हैं। उम्मीद है कि भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले मुकाबले में खूब रन बरसेंगे और प्रशंसक इसका पूरा लुत्फ उठाएंगे। इस अवसर पर यूपीसीए के कोषाध्यक्ष आनंद शुक्ला ने कहा कि इकाना स्टेडियम विश्वकप, आईपीएल समेत तमाम बड़े आयोजनों की सफल मेजबानी कर चुका है। पूर्व के अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों की भांति भारत और दक्षिण अफ्रीका के स्टार खिलाड़ियों को देखने के लिए बड़ी संख्या में प्रशंसक पहुंचेंगे। कार्यक्रम के दौरान यूपीसीए के निदेशक रियासत अली, सीईओ अंकित चटर्जी और मीडिया मैनेजर मो. फहीम मौजूद रहे।

# नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट: टूर्नामेंट जारी

## मोहाली और एएमयू के बीच सेमीफाइनल आज



नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट में जामिया मिल्लिया इस्लामिया नई दिल्ली, गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर, गुरु जंभेश्वर यूनिवर्सिटी मुरादाबाद और चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी मोहाली की टीमों ने जीत दर्ज की। 1 दिसंबर को मोहाली और एएमयू के बीच सेमीफाइनल मुकाबला खेला जाएगा। एएमयू के विलिंग्डन पवेलियन मैदान पर खेले गए 20 ओवर के मैच में जामिया मिल्लिया इस्लामिया नई दिल्ली ने कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी हरियाणा को छह विकेट से हरा दिया। कुरुक्षेत्र की टीम 20 ओवर में 143 रन पर सिमट गई। जवाब में उतरी जामिया ने 17.5 ओवर में 145 रन बनाकर छह विकेट से मैच जीत लिया। एमएलसी प्रो. तारिक मंसूर ने कैफ को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया। स्टेडियम में खेले गए मैच में गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर ने चौधरी बंसीलाल यूनिवर्सिटी भिवानी को एकतरफा मुकाबले में 175 रन से हरा दिया। अमृतसर की टीम ने 20 ओवर में चार विकेट पर 237 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में भिवानी की टीम 10.4 ओवर में 62 रन पर सिमट गई। अमृतसर के दीपांशु ने 3.4 ओवर में पांच रन देकर पांच विकेट झटके। मार्क क्रिकेट एकेडमी के मैदान पर खेले गए क्वार्टर फाइनल मैच में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी मोहाली ने एमडीयू रोहतक को चार विकेट से हरा दिया। रोहतक की टीम 30 ओवर में 142 रन पर सिमट गई। मोहाली के हर्षदीप सिंह ने चार व रितिक ने दो विकेट हासिल किए। जवाब में उतरी मोहाली ने 24.2 ओवर में 143 रन बनाकर छह विकेट से मैच जीत लिया। मैच जीतकर मोहाली की टीम सेमीफाइनल में पहुंच गई। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रो. तारिक मंसूर ने कहा कि युवा शक्ति किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी है।

# क्रावले और रूट के बीच 60+रनों की साझेदारी, ऑस्ट्रेलिया को अब तक दो सफलताएं

ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच ब्रिसबेन के गाबा में दूसरा एशेज टेस्ट मैच खेला जा रहा है। दोनों टीमों के बीच ये दिन-रात्रि टेस्ट है। ऑस्ट्रेलिया की टीम पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में फिलहाल 1-0 से आगे चल रही है।इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच ब्रिसबेन के गाबा में पांच मैचों की सीरीज का दूसरा मुकाबला खेला जा रहा है। यह दिन-रात्रि टेस्ट है। ऑस्ट्रेलिया को एक बार फिर तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने शानदार शुरुआत दिलाई। स्टार्क ने इंग्लैंड को शुरुआती झटके दिए। हालांकि, जैक



क्रावले और जो रूट ने इंग्लैंड की पारी को संभाला और दोनों के बीच अर्धशतकीय साझेदारी पूरी हुई जिससे इंग्लैंड का स्कोर 70 रन के पार पहुंच गया है।इंग्लैंड की ओर से जैक क्रावले और बेन डकेट पारी की शुरुआत करने उतरे,

# Azlan Shah Hockey Cup: बेल्जियम ने जीता अजलान शाह हॉकी का खिताब, फाइनल में भारत को 1-0 से हराया



**बेल्जियम ने रविवार** को रोमांचक फाइनल में भारत को करीबी मुकाबले में 1-0 से हराकर सुल्तान अजलन शाह कप हॉकी टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। भारत को मैच के 34वें मिनट में थिब्यू स्टॉकब्रोक्स के गोल के कारण रजत पदक से संतोष करना पड़ा। बेल्जियम को शुरुआत में दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन भारत ने इन्हें नाकाम कर दिया। भारत ने धीमी शुरुआत के बाद लय हासिल की लेकिन बेल्जियम ने उन्हें मिडफील्ड में बेहतर नियंत्रण बनाकर परेशान किया। मध्यांतर तक दोनों ही टीम गोल का खाता खोलने में नाकाम रहीं। बेल्जियम ने दूसरे हाफ में बेहतर लय में खेलकर भारत पर दबाव डाला। भारत ने भी कुछ अच्छे मूव बनाए लेकिन तीसरे क्वार्टर में भी बेल्जियम के डिफेंस को मात नहीं दे सके। इस बीच 34वें मिनट में स्टॉकब्रोक्स के गोल ने भारत को दबाव में डाल दिया। आखिरी क्वार्टर में भारत ने स्कोर बराबर करने की बहुत कोशिश की लेकिन बेल्जियम के डिफेंस को भेदने में नाकाम रहे।

# लंदन चेस क्लासिक में चमके प्रज्ञानंद

## बने को-लीडर; विश्व रैंकिंग में भी बनाए रखा दबदबा



**भारतीय ग्रैंडमास्टर** आर प्रज्ञानंद ने लंदन चेस क्लासिक ओपन 2025 में अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए टूर्नामेंट के को-लीडर बन गए हैं। उन्होंने छठे राउंड तक 5/6 अंक हासिल किए हैं और इस समय सर्बिया के ग्रैंडमास्टर वेलिमिर इविक के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। प्रज्ञानंद ने दिन की शुरुआत हंगरी के ग्रैंडमास्टर टामस फोडोस जूनियर के खिलाफ सिर्फ 21 चालों में ड्रॉ खेलकर की, लेकिन दूसरे मुकाबले में उन्होंने शानदार वापसी करते हुए इस्राइल के इंटरनेशनल मास्टर एटन रोजेन को हराया। उनका अगला मुकाबला अब वेलिमिर इविक से होगा, जो टूर्नामेंट का निर्णायक मोड़ साबित हो सकता है।